महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक-ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800023

(वेबसाइट-www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन संख्या 01/2020 के अंतर्गत बिहार स्वाभिमान पुलिस बटालियन में 'सिपाही' पद पर अनुसूचित जनजाति की महिला उम्मीदवारों के चयन से संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन हेतु सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा बिहार पुलिस अंतर्गत ''बिहार स्वाभिमान पुलिस बटालियन'' में सिपाही पद की 454 रिक्तियों के विरूद्ध दिनांक 23.06.2020 को विज्ञापन संख्या-01/2020 राज्य के प्रमुख समाचार-पत्रों में तथा पर्षद के वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था ।

2. उपरोक्त विज्ञापन के क्रम में लिखित परीक्षा दिनांक 04.10.2020 (रविवार) को आयोजित की गयी । लिखित परीक्षा के आधार पर सफल उम्मीदवारों को अगले चरण ''शारीरिक दक्षता परीक्षा'' के लिए चयनित कर परीक्षाफल दिनांक 22.10.2020 को प्रकाशित किया गया ।

3. उपरोक्त चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दिनांक 02.02.2021 से शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल), गर्दनीबाग, पटना-800002 में आयोजित की जायेगी । शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा (PET) हेतु प्रवेश-पत्र दिनांक 15.01.2021 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in के "Bihar Police" टैब पर उपलब्ध रहेगा । प्रवेश-पत्र दिए गए लिंक ''Download your e-Admit Card for PET of Bihar Swabhiman Police Battalion Constable of Advt. No. 01/2020'' पर क्लिक कर Download किया जा सकता है । जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई-प्रवेश-पत्र Download नहीं कर सकेंगे, वे दिनांक 28.01.2021 एवं 29.01.2021 को केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना-800001 स्थित कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपना डुप्लिकेट प्रवेश-पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं। स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश-पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा।

4. चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र पर दर्ज है ।

5. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) में निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा । शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान ही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की भी जॉँच की जाएगी। इसके लिए कोई दूसरा अवसर नहीं दिया जाएगा ।

6. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) की तिथि पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने प्रवेश-पत्र तथा निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्रों तथा उनकी एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :

i. वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र (जैसे– आधार कार्ड, मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) ।

ii. मैट्रिक एवं इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।

iii. जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र ।

iv. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार राज्य के अधिसूचित अनुसूचित जनजाति का प्रमाण–पत्र ।

v. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र ।

vi. बिहार राज्य के गृह रक्षक (यदि हों तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र । सभी गृह रक्षक अभ्यर्थियों को अपने साथ केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, आनंदपुर, बिहटा से निर्गत बुनियादी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र तथा होम गार्ड का वैध आई कार्ड दस्तावेज सत्यापन के समय लाना अनिवार्य होगा ।

vii. बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोती/ नातीनी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–11687/सा0प्र0, दिनांक 30.08.2016 में विहित प्रपत्र के अनुसार) ।

7. जिन अभ्यर्थियों में कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए जाएँगे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

8. कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे, अनावश्यक रूप से अपने साथ किसी को नहीं लाएँगे, हमेशा मास्क पहने रहेंगे तथा हैण्ड सैनिटाइजर, खाद्य पदार्थ एवं पेय जल साथ लाएँगे, एवं प्रशासन द्वारा इस संबंध में निर्गत सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे ।

9. सभी योग्य उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या–01/2020 में वर्णित सभी शर्तो / प्रावधानों को पूरा करना अनिवार्य होगा ।

10. किसी भी विवाद में अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

11. प्रेस में मुद्रण अथवा टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा ।

12. दलालों से सावधान रहें और ऐसे संदिग्धों के संबंध में पुलिस को सूचित करें ।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

<u>ज्ञापांक 70/के0च0प0(सू0)</u>

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800023

दिनांक 21/12/2020